Title: Need to look into the problems faced by the employees of Hindustan Steel works Construction Limited- Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरीडीह): महोदय, हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के कर्मचारियों को करीब 24 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही कर्मचारियों को जनवरी 2000 से मंहगाई भत्ता का भुगतान नहीं हो रहा है। स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को भी भविय निधि का भुगतान नहीं हो रहा है।

एक तो एच.एस.सी.एल. कंपनी लगातार घाटे में जा रही है, दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा इसके यूनियन के पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है।

पूर्व में एच.एस.सी.एल. को स्टील प्लांटों में कार्य करने हेतु प्राथमिकता दी जाती थी वहीं वर्तमान में इस कंपनी को खुली निविदा के माध्यम से प्रतियोगिता में आना पड़ता है, जिसके कारण इस कंपनी में कार्यरत अधिकारियों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है क्योंकि खुली निविदा के कारण एल-1 (निम्नतम) नहीं हो पाता है।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त में वर्णित वियों के निपादन हेतु प्रभावी कदम उठाया जाये।

*Treated as laid on the Table of the House.